सं०सं०—50 / 2025 (परिवहन) पत्रांक—................... /

बिहार सरकार

निगरानी विभाग

(अन्वेषण ब्यूरो)

6, सर्कुलर रोड़ पटना।

पटना / दिनांक—.....................

# अल्पकालीन नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, 6, सर्कुलर रोड़ पटना—01 कार्यालय परिसर में रखे हुए वाहनों के पुराने टायरों एवं वाहन पार्ट्स (लोहा) के सामग्रियों की बिक्री निविदा के माध्यम से की जाती है। इस हेतु इच्छुक खरीदार से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक—25.05.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित / स्पीड पोस्ट / या हाथों—हाथ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, 6, सर्कुलर रोड़ पटना—01 के डाक प्राप्ति शाखा में किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक—27.05.2026 के अपराह्न 03:00 बजे विभागीय क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।

निविदा की शर्ते निगरानी विभाग के बेबसाईट <state.bihar.gov.in/vigilance> पर या अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है। जमानत की राशि रु 500/—(पाँच सौ रूपये मात्र) डिमांड ड्राफ्ट के रूप में "पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के नाम पर, तकनीकी निविदा के साथ जमा करना होगा।

**नीलामी की शर्त निम्न प्रकार है** :—

01. नीलामी योग्य सामग्रियों की सूची निम्नवत् है :—

**तालिका :— 01**

| क्र० सं० | सामग्री का नाम | संख्या | वजन | स्थिति | सामग्री का प्रकार | यूनिट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | पुराने टायर | बड़ा—296<br>छोटा— 40 | | पुराना/ अनुपयोगी | रबड़ | प्रति पीस |
| | | कुल— 336 | | पुराना/ अनुपयोगी | रबड़ | प्रति पीस |
| 2. | क्लच प्लेट | 11 | ↓ | Damaged | लोहा | ↓ |
| 3. | मास्टर स्लेंडर | 02 | | Damaged | लोहा / अल्युमिनियम | |
| 4. | पॉपुलर सॉफ्ट | 03 | | Damaged | लोहा | |
| 5. | प्रेशर प्लेट | 11 | वाहन पार्ट्स का कुल वजन 375.5 किग्रा० | Damaged | लोहा | |
| 6. | ब्रेक ड्रम | 02 | | Damaged | लोहा | |
| 7. | बम्फर (पीछे वाला) | 02 | | Damaged | स्टील | प्रति किलो |
| 8. | टाना रॉड | 02 | | Damaged | लोहा | |
| 9. | सैलेंसर गोलकी | 01 | | Damaged | लोहा | |
| 10. | ए०सी० का कंडेंशर | 01 | | Damaged | तांबा / अल्युमिनियम | |
| 11. | फाईविल | 02 | | Damaged | लोहा | |
| 12. | ब्रेक शू | 04 | ↑ | Damaged | एस्बेस्टस | ↑ |

02. तालिका 01 में वर्णित प्रति पीस/प्रति किलो के अनुसार हीं अपना दर वित्तीय निविदा में अंकित करना है।

03. निविदादाता को पहचान के लिए निम्न Documents में से किसी एक Documents की छायाप्रति हस्ताक्षर करके संलग्न करना है।

(क) आधार कार्ड की छायाप्रति

(ख) पैन कार्ड की छायाप्रति

04. निविदादाता को अग्रधन के रूप में 500/– रूपये का ड्राफ्ट जमा करना है। डिमांड ड्राफ्ट "पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो" के नाम पर होना चाहिये।

05. सूची में वर्णित प्रत्येक सामग्री के लिए वित्तीय निविदा के आधार पर उच्चतम दर का निर्धारन अलग–अलग किया जायेगा एवं जिस सामग्री के लिए जो निविदादाता उच्चतम दर Quote करेंगे, वह सामग्री उसी निविदादाता को बिक्री की जायेगी।

06. सामग्री खरीदार को अपना मजदूर एवं वाहन लेकर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, 6–सर्कुलर रोड, पटना–01 आना पड़ेगा, जिसका सारा खर्च खरीदार को खुद वहन करना है।

07. जितना राशि खरीदार द्वारा जमा किया जायेगा उतने राशि की सामग्री को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो कार्यालय परिसर से बाहर ले जाने हेतु गेट–पास निर्गत किया जायेगा।

08. सामग्री के खरीदार को 15 दिनों के अंदर सभी सामग्री का पैसा जमा कर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो कार्यालय परिसर से ले जाना अनिवार्य होगा। विफलता की स्थिति में अग्रधन की राशि जप्त की जा सकती है।

09. यदि उच्चतम बोलीकर्त्ता सामग्री खरीदने में विफल होते हैं, तो उसी दर या उससे उच्च दर पर खुले बाजार में किसी भी अन्य व्यवसायी जो उक्त सामग्री को लेने के लिए इक्छुक होगें, को बिक्री करने के लिए कार्यालय स्वतंत्र होगा।

10. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा पटना स्थित न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होगा।

11. निविदा को किसी भी समय रद्द करने, शर्तों को परिवर्तित करने अथवा निविदा के संबंध में अन्य किसी भी तरह के निर्णय लेने का सर्वाधिकार निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में किसी भी तरह की कोई पृच्छा नहीं की जा सकती है।

12. निविदादाता यदि सामग्रियों का निविदा डालने के पूर्व सामग्रियों का निरीक्षण करना चाहते हैं तो वो किसी भी कार्य दिवस को सुबह 11.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होकर निरीक्षण कर सकते हैं।

**<u>कार्यालय का पता</u>– पुलिस अधीक्षक,**
**निगरानी अन्वेषण ब्यूरो,**
**6–सर्कुलर रोड, बिहार, पटना–01**

13. निविदादाता को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दिये गये प्रारूप में हीं अपना वित्तीय निविदा दाखिल करना है।

14. यदि कोई निविदादाता किसी सामग्री हेतु Rate Quote नहीं करना चाहते हैं तो उस सामग्री के सामने नहीं लिख देंगे।

15. निविदादाता को अपना Rate अंक एवं शब्द दोनों में लिखना है।

16. निविदादाता यह ध्यान रखेंगे कि प्रति पीस एवं प्रति किलो में सोच–समझकर ध्यान पूर्वक पढ़कर अपना Rate अंक एवं शब्द दोनों में लिखेंगे।

17. GST जमा करने एवं अपने विवरणी में इस ख़रीद को दर्शाने की जिम्मेवारी क्रेता व्यवसायी की होगी।

18. निविदादाता को सिर्फ कंडिका–19 में दिए गये Format में अपना वित्तीय निविदा दाखिल करना है एवं वित्तीय निविदा में सभी सामग्रियों का नाम सामग्री के क्रम संख्या के साथ लिखा होना चाहिए एवं जिस सामग्री को निविदादाता नहीं खरीदना चाहते हैं उस सामग्री के सामने ''नहीं'' लिख देंगे।

19. <u>वित्तीय निविदा का प्रारूप</u> :–

| अनुपयोगी/बेकार सामग्रियों का नाम | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | संख्या | वजन | स्थिति | यूनिट | रेट (रुपया अंक में) | रेट (रुपया शब्दों में) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | पुराने टायर | बड़ा–296<br>छोटा– 40<br>कुल– 336 | | पुराना/ अनुपयोगी<br>पुराना/ अनुपयोगी | प्रति पीस<br>प्रति पीस | | |
| 2. | क्लच प्लेट | 11 | ↓ | Damaged | ↓ | | |
| 3. | मास्टर स्लेंडर | 02 | | Damaged | | | |
| 4. | पॉपुलर सॉफ्ट | 03 | ↓ | Damaged | | | |
| 5. | प्रेशर प्लेट | 11 | वाहन पार्ट्स का कुल वजन– | Damaged | ↓ | | |
| 6. | ब्रेक ड्रम | 02 | | Damaged | | | |
| 7. | बम्फर (पीछे वाला) | 02 | 375.5 कि०ग्रा० | Damaged | प्रति किलो | | |
| 8. | टाना रॉड | 02 | ↑ | Damaged | ↑ | | |
| 9. | सैलेंसर गोलकी | 01 | | Damaged | | | |
| 10. | ए०सी० का कंडेशर | 01 | | Damaged | | | |
| 11. | फाईविल | 02 | | Damaged | | | |
| 12. | ब्रेक शू | 04 | ↑ | Damaged | ↑ | | |

20. **(क) तकनीकी निविदा का लिफाफा** : इस लिफाफा में बैंक ड्राफ्ट एवं अपने पहचान पत्र के रूप में सिर्फ आधार कार्ड या पैन कार्ड का Xerox Copy पर हस्ताक्षर करके रखना है एवं इसे चिपकाकर इस लिफाफा के उपर निविदादाता अपना नाम एवं पता तथा **<u>''निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना में वाहनों के पुराने टायरों एवं वाहन पार्ट्स (लोहा) खरीद हेतु तकनीकी निविदा''</u>** मोटे–मोटे अक्षर में लिखेंगे। ध्यान रखें कि पहचान पत्र के रूप में सिर्फ आधार कार्ड या पैन कार्ड हीं स्वीकार किया जायेगा।

**(ख) वित्तीय निविदा का लिफाफा** : कंडिका–19 में दिये गये सूची का प्रिन्ट निकालकर, जिस सामग्री को खरीदने हेतु इच्छुक हैं, उसके सामने अपना अंक एवं शब्द दोनों में लिखेंगे।

निविदादाता इस तरह डाक से भेजेंगे कि निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि तक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के डाक प्राप्ति शाखा में पाप्त हो जाये। **अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।** निविदादाता निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के डाक प्राप्ति शाखा में हाथों–हाथ भी अंतिम तिथि तक निविदा जमा कर प्राप्ति रसीद ले सकते हैं।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – 25.05.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
निविदा खुलने की तिथि – 27.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे।

ह०/–
पुलिस अधीक्षक,
निगरानी अन्वेषण ब्यूरो,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– 5921 पटना/दिनांक– 06.05.26

प्रतिलिपि :–

1. निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार, पटना को उपरोक्त अल्पकालीन नीलामी सूचना का सर्वसाधारण में उचित प्रकाशन हेतु सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. श्री विवेक कुमार, आई०टी० प्रबंधक, निगरानी विभाग, बिहार, पटना को अल्पकालीन नीलामी सूचना विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु प्रेषित।
3. निगरानी विभागं के विभागीय सोशल मीडिया सेल/निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के सोशल मीडिया सेल एवं प्रेष ग्रुप के सोशल मीडिया सेल को अल्पकालीन नीलामी सूचना प्रकाशन हेतु प्रेषित।

6/5
पुलिस अधीक्षक,
निगरानी अन्वेषण ब्यूरो,
बिहार, पटना।